तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

राजूराम विश्नोई बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी)

सू.अ. अपील संख्या 13 / 2024

28 / 03 / 2024

अपीलार्थी राजूराम विश्नोई निवासी 560, मंगल नगर, गुढा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 01.01.2024 को (1) राजस्व ग्राम खेजडली कल्ला के खाता संख्या 114 हरीराम पुत्र गोपाराम के वारिसान द्वारा विरासत / फोतैदगी नामान्तरण दर्ज करवाने हेतु दिनांक 16.10.2023 को प्रस्तुत दस्तावेजों पर लोक सूचना अधिकारी व पटवारी द्वारा की गई कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों व अन्य बिन्दु से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से जरिये पत्रांक 38 दिनांक 28.03.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 21 दिनांक 20.02.2024 से उपलब्ध करवा दी गई है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2024.05.06 10:19:40 IST
Reason: SelfAttested

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।